तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 17 मार्च 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 नवागढ़ में रंग-गुलाल के साथ जमकर मना जश्न



10 किसानों को बेचे गए बीज के 205 सैंपल लिए, जांच ...



## खबर संक्षेप

### अज्ञात बाइक की टक्कर से पैदल चल रहे युवक की मौत



**बेमेतरा।** दुर्ग-बेमेतरा राजकीय मार्ग पर होली पर्व के दिन शुक्रवार की शाम सड़क पर एक पैदल चल रहे यूपी के मजदूर युवक की अज्ञात मोटरसाइकिल वाहन चालक द्वारा जोरदार ठोकर मारने से मौके पर मौत हो गयी। जबकि टक्कर के बाद अज्ञात आरोपी अपने वाहन को घटनास्थल पर छोड़कर भाग खड़े हुए। जिसका रविवार देर शाम तक पता नही चल पाया है। बताया जा रहा है कि यह हादसा सड़क पर युवक के अंधेरे में चलने एवं बाइक चालको द्वारा लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाने से हुआ, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गयी। वही चौकी क्षेत्र के ग्राम राखी-जोबा के निजी फार्म में युवक गन्ना काटने का काम करने मज़दूर के रूप में आया था, जो त्योहार के दिन नशे में धुत होकर देवकर से वापसी राखी स्थित फार्म में जा रहा था, इसी बीच यह सड़क दुर्घटना घट गयी। हालाँकि घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान यूपी के पीलीभीत ज़लि‍ा व मलपुर गाँव निवासी के रूप में शिनाख्त की है। जिसकी मृत्यु कु सूचना परिजनों को दे दी गयी। जबकि मामले में अज्ञात वाहन चालक आरोपियों पर हिट एंड रन का अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जल्द ही घटनास्थल से बरामद वाहन के आधार पर आरोपियों की तलाशी कर गिरफ्तारी की जाएगी।

### युवक ने लगाई फांसी

**बेमेतरा।** पुलिस चौकी देवकर मुख्यालय में पर्व उपरांत शनिवार की रात 22 वर्षीय नवयुवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से पर्व की खुशियां परिजनों के लिए मातम में बदल गयी। जानकारी के मुताबिक यह घटना नगर पंचायत देवकर के वार्ड-10 की है। जहाँ स्थानीय निवासी सन्तराम निर्मलकर के 22 साल के पुत्र दीपक निर्मलकर ने अपने गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है दीपक निर्मलकर बढ़ई काम करता था। सुबह घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर मर्ग कायम करते हुए पोस्टमार्टम के लिए साजा भेजा। वहीं, देर शाम तक परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार किया गया।

### महिला ने लगाई फांसी

**बालोद।** शनिवार को दल्लीराजहरा वार्ड नंबर 17 की रहने वाली महिला पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास कर रही थी। उसी दौरान एक युवक ने उसे ऐसा करते देख लिया और तत्काल उसे फंदे से उतारकर घर के सामने लिटाया, लेकिन कुछ देर बाद महिला की मौत हो गई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार महिला का नाम अनीता विश्वकर्मा पति सुद्धू राम विश्वकर्मा उम्र 30 वर्ष है। वह दल्लीराजहरा के वार्ड नंबर 17 की रहने वाली थी। बताया जा रहा है कि महिला लंबे समय से अपने माता पिता के पास रह रही थी, उसके 3 छोटे-छोटे बच्चे हैं। वहीं, आत्महत्या का कारण अज्ञात है।

### प्रेमी जोड़े ने लगाई फांसी

**डौंडीलोहारा।** प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला वनांचल के ग्राम भीमपुरी का है। संजारी चौकी से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भीमपुरी निवासी लकेश साहू पिता स्व. ललित कुमार उम्र 20 वर्ष जेवरतला में अपने मामा के यहां रहता था। वह वाहन चलाता था। एक लड़की के साथ उसका प्रेम संबंध था। दोनों ने 14 मार्च को होली के दिन फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी मां कमाने के लिए कहीं बाहर गई है। फोन लगाने पर लड़के से बात नहीं तो हुई, तो उसकी मां ने उसके मामा को फोन लगाया। पतासाजी करने उसके मामा भीमपुरी आए, तब दोपहर को लगभग 3 बजे घर में दोनों को फांसी के फंदे पर लटकते हुए पाया।

### पर्व : दिनभर मुस्तैद रही पुलिस, छुटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया त्योहार

# जिला मुख्यालय सहित पूरे क्षेत्र में रंग-गुलाल व फाग गीतों के साथ जमकर मनाई गई होली







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर सहित जिले के विभिन्न गांवों में होली का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया है। समूचे जिले में आमजनों ने जी भर के रंग गुलाल खेला और एक-दूसरे को बधाई दी। वहीं, नगाड़े की धुन पर लोग थिरकते रहे। हालांकि त्यौहार के दौरान सड़क हादसे में 1 व्यक्ति की मौत भी हुई। इस दौरान पुलिस प्रशासन की जिले के हर क्षेत्र में मोर्चाबंदी रही और पुलिस जवान दिन भर और देर रात तक पेट्रोलिंग करते नजर आए, जिसके चलते पूर्व वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष जिले में होली शांतिपूर्वक मनाई गई। इसी तरह उल्लास इतना ज्यादा था कि लोग 10 करोड़ 60 लाख की शराब गटक गए। इसी तरह पूरे जिले में मांसाहार के शौकीनों ने 4 करोड़ से अधिक के मछली, मुर्गे और बकरे खरीदी में लोगों ने उड़ा दिए। गौरतलब हो कि जिला मुख्यालय सहित गांव गाव में रंगों के त्यौहार को जमकर खेला गया। शुक्रवार सुबह होते ही लोगों ने विभिन्न रंगों, गुलालों से एक-दूसरे को सराबोर करते हुए बधाई देने का जो सिलसिला शुरू हुआ वह देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान जिला मुख्यालय के विभिन्न वार्डों की गलियों में लोगों ने अलग-अलग समूह में रंगों के त्यौहार को दिल खोल कर मनाया। वहीं, महिलाओं ने भी एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली मनाई। होलीकोत्सव के दौरान शाम को जिला मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों में फाग गीत का आयोजन भी किया गया। खास तौर पर होली के त्यौहार पर युवा वर्ग के अलावा बच्चे ज्यादा उत्साहित थे। होली त्योहार को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सतत गांव-गांव में पेट्रोलिंग कर शांतिपूर्वक होली त्यौहार मनाने की भी अपील की गई थी। अंचल के सभी ग्रामीणों द्वारा प्रशासन को सहयोग करते हुए होलिका दहन शांतिपूर्वक किया गया

- मुर्गा, मटन व मछली का 4 करोड़ से अधिक का कारोबार

### 3 दिनों में 10 करोड़ 60 लाख की शराब गटक गए मदिरा प्रेमी





#### राजनीतिक दलों के नेताओं ने समर्थकों व नागरिकों के साथ खेली होली

जिले में राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी अपने समर्थकों व नागरिकों के साथ जमकर होली खेली। नवागढ़ क्षेत्र के विधायक और प्रदेश के मंत्री दयालदास बघेल ने अपने गृह ग्राम कुरा में क्षेत्र के लोगों के साथ होली खेली। वहीं, नगाड़े बजाते हुए जमकर गुलाल उड़ाए। इसी तरह बेमेतरा विधायक दीपेश साहू व साजा विधायक अपने-अपने क्षेत्र में होली मनाई। इस दौरान निवास और कार्यालय में लोगों का तांता लगा रहा। पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, किसान नेता योगेश तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने भी होली का आयोजन किया था और नगाड़े की धुन पर क्षेत्र के लोगों के साथ थिरकते रहे।

#### लगभग 3 दर्जन मामले दर्ज

इस बीच पूरे जिलेभर में तकरीबन 03 दर्जन मामले सामने आए। जिनमें हुड़दंगियों द्वारा मारपीट, वाद-विवाद, बदमाशी, हिंसक झड़प व सड़क दुर्घटना को मिलाकर करीब 23 प्रकरण पुलिस द्वारा दर्ज किए गए। हालांकि होली पर्व के अवसर पर पूरे 02 दिन तक पुलिस प्रशासन एक्टिव मोड में नज़र आई। थाना-चौकी में पुलिस मारपीट की छोटी-मोटी घटनाओं से लेकर सड़क हादसों पर त्वरित कार्रवाई कर त्यौहार के अवसर पर ज़लि‍े में शान्ति एवं क़ानून व्यवस्था कायम करने में काफी हद तक सफल रही। बताया जा रहा है कि पर्व पर ज़्यादातर अपराध का कारण नशाखोरी व हुड़दंगबाजी रही।

#### शराब व मांसाहार पर 15 करोड़ से ज्यादा खर्च

इस बार रंगों का त्योहार इतना जबरदस्त और जोरदार रहा कि जिले में जमकर मदिरा प्रेमियों ने शराब का सेवन किया है। आबकारी विभाग के अनुसार 12 और 13 मार्च होलिका दहन और होली के दूसरे दिन 15 मार्च के इन 3 दिनों में 10 करोड़ 60 लाख की देशी और विदेशी शराब की बिक्री हुई है। इनमें 12 मार्च को 2 करोड़ 95 लाख, 13 मार्च को 4 करोड़ 83 लाख और होली के दूसरे दिन 15 मार्च को 2 करोड़ 20 लाख रुपए की शराब, मदिरा प्रेमियों ने जिले की दुकानों से खरीदी की। इस तरह जिले के शराब शौकीनों ने इन 3 दिनों में 10 करोड़ 60 लाख रूपए की शराब पी। वहीं, शराब के साथ साथ मांसाहार के शौकीनों ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी। पूरे जिले से 4 करोड़ से रुपए से अधिक के मुर्गे, बकरे और मछली की खरीदी-बिक्री का अनुमान लगाया गया है। मांस मछली दुकान संचालकों दाऊ ढीमर, शंकर साहू, जावेद ने बताया कि लगभग 3 लाख 50 हजार से ज्यादा मुर्गे इस बार होली के 2 दिनों में बिके हैं। इसी तरह मछलियां और बकरे की भी बिक्री जमकर की गई है।होली त्यौहार के दिन शराब और मांस मछली में ही लगभग 15 करोड़ से अधिक रुपए इन चीजों के शौकीनों ने खर्च किए। बता दें कि पिछले वर्ष होली पर 9 करोड़ 45 लाख की शराब बिकी थी।

## एपीसी भूपेन्द्र ने स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला शिक्षा विभाग के सहायक जिला परियोजना अधिकारी एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू ने शनिवार को साजा विकासखंड के विभिन्न दूरस्थ स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। सर्वप्रथम शासकीय प्राथमिक विद्यालय उमराव नगर (अचवा) विकासखंड साजा का आकस्मिक निरीक्षण किया। स

कूल में पदस्थ प्रधान पाठक अनिता साहू, हेमंत साहू सहायक शिक्षक उपस्थित मिले तथा अंजली शर्मा सहायक शिक्षक आकस्मिक अवकाश पर थीं। इसी तरह शासकीय प्राथमिक विद्यालय गातापार में पदस्थ दो शिक्षक प्रधान पाठक मानसिंह ध्रुव अपने कर्तव्यों पर उपस्थित मिले तथा एक शिक्षक संजय कुमार बंजारे सहायक शिक्षक 10 मार्च से 24 मार्च 2025 तक पितृत्व अवकाश पर थे। शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल कोपेडबरी विकास खंड- साजा में कुल पदस्थ चार शिक्षकों में से केवल एक शिक्षक जोगेश्वर साहू शिक्षक (एल बी) अपने कर्तव्यों पर उपस्थित मिले तथा प्रधान पाठक सहित अन्य शिक्षक नीना कोठारी, शशिबाला ठाकुर शिक्षक (एलबी) किशोर कुमार सिन्हा शिक्षक (एलबी) आकस्मिक अवकाश पर थे। शासकीय प्राथमिक स्कूल कोपेडबरी में पदस्थ प्रधान पाठक ओंकार सिंह बैस आकस्मिक अवकाश पर थे तथा अन्य दो शिक्षक छगन सिंग देवदास सहायक शिक्षक (एलबी) गौकरण प्रसाद तिवारी सहायक शिक्षक (एलबी) अपने मूल कर्तव्यों पर उपस्थित मिले। ▶▶| शेष पेज 12 पर

## बेमेतरा पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन, पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अपने पैतृक ग्राम ठाठापुर लालपुर से रायपुर लौटते समय जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में रुके, जहाँ बेमेतरा विधायक दीपेश साहू सहित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने डॉ. रमन सिंह को होली पर्व की बधाई शुभकामनाएँ दीं और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। डॉ. रमन सिंह ने इस आत्मीय स्वागत के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बेमेतरा की जनता और कार्यकर्ताओं का जोश और समर्पण पार्टी को हमेशा नई ऊर्जा देता है। इस दौरान



क्षेत्र के विकास और संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा हुई। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए बताया कि होली के मौके पर हर साल कवर्धा जाता हूं। वहां रामपुर गांव है, जहां मंदिर में पूजा अर्चना कर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ▶▶| शेष पेज 12 पर

#### जिले के कार्यकर्ताओं ने बनाई हैट्रिक

विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि इस बार बेमेतरा जिले ने एक नए कीर्तिमान स्थापित किया है। चुनाव में शानदार बढ़त मिली है। बेमेतरा को मैं कह सकता हूं कि इस बार हैट्रिक हुई है। 2023 में विधानसभा 2024 में लोकसभा और 2025 में पंचायत और नगरीय तीनों चुनाव को जीतकर बेमेतरा ने इतिहास दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रियता से और संगठन में लगातार बेहतर काम काम करके ये रिजल्ट लाया है। इस दौरान पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, भाजपा जिलाध्यक्ष, अजय साहू, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि परमेश्वर वर्मा, शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू वरिष्ठ भाजपा नेता प्रहलाद रजक, राजू देवांगन, पार्षद विकास तम्बोली सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिले के 856 केंद्रों में सुबह 9 से 11 बजे तक होगी परीक्षा

# कक्षा 5वीं-8वीं की केंद्रीयकृत परीक्षाएं आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




कक्षा 5वीं व 8वीं की केंद्रीयकृत बोर्ड परीक्षा 10 वर्षों बाद आज 17 मार्च से प्रारंभ हो रही हैं, जो 27 मार्च तक चलेंगी। इस परीक्षा के लिए पूरे जिले में शिक्षा विभाग ने 856 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, सभी में केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति कर दी गई है। परीक्षा का समय सुबह 9:00 बजे से 11:00 तक है। आज 17 मार्च को गणित विषय की परीक्षाएं छात्र-छात्राएं देंगे।

वहीं, 21 मार्च को अंग्रेजी, 24 मार्च को हिंदी है वही अंतिम पेपर 27 मार्च पर्यावरण की परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिले स्तर पर समय सारणी प्रसारित कर दी गई है। इसके लिए बेमेतरा विकासखंड में शासकीय विद्यालयों में परीक्षा केंद्र की संख्या 191, निजी विद्यालय में 26, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में 3 परीक्षा केंद्र, तथा सीबीएसई के 1 परीक्षा केंद्र अभ्यास शाला बेमेतरा को बनाया गया है। इसी तरह से बेरला विकासखंड में शासकीय प्राथमिक विद्यालय में 152, निजी विद्यालय में 24, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में 5 और सीबीएसई स्कूल 1 परीक्षा केंद्र बेरला शामिल है। इसी तरह साजा विकासखंड में 205 शासकीय प्राथमिक विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। 21 निजी विद्यालय को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के 6 परीक्षा केंद्र और सीबीएसई के 1 विद्यालय साजा को बनाया गया है। नवागढ़ विकासखंड में शासकीय प्राथमिक विद्यालय के 193 परीक्षा केंद्र, निजी विद्यालय के 23 परीक्षा केंद्र, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय की 3 परीक्षा केंद्र तथा सीबीएसई के 1 परीक्षा केंद्र नवागढ़ शामिल है। इस तरह से जिले में कक्षा पांचवी केंद्रीयकृत परीक्षा के लिए 741 शासकीय विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जबकि 94 निजी विद्यालयों को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसके अलावा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों के 17 विद्यालय को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सीबीएसई स्कूल के 4 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

#### संकुल प्राचार्य एवं समन्वयकों को सौंपी गई जिम्मेदारी

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के 167 संकुल शैक्षिक समन्वयक एवं 167 संकुल प्राचार्यों की बैठक लेकर इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश पहले ही दे दिए हैं। इस केंद्रीयकृत परीक्षा की संपूर्ण जवाबदेही और संचालन करने तथा मूल्यांकन करने का पूरा उत्तरदायित्व संकुल प्राचार्य एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक को दे दिया गया है। संकुल प्राचार्य को संकुल परीक्षा नोडल अधिकारी बनाया गया है। तथा संकुल शैक्षिक समन्वयक को सहायक परीक्षा नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिन पर परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से संचालन करने की जवाबदेही है। जिला शिक्षा अधिकारी सहित जिले के सभी शिक्षा विभाग के अधिकारी, विकास खंड स्तर पर शिक्षा विभाग के अधिकारी इस परीक्षा की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करेंगे।

### नदी में डूबने से किशोर की मौत

**बालोद।** ग्राम सनौद में होली त्योहार की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब लोगों को पता चला कि नदी में डूबने से 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। एक ओर जहां सभी तरफ होली पर्व की खुशियां मनाई जा रही थीं, लोग गिले शिकवे भुलाकर एक दूसरे को रंग लगा रहे थे। इसी बीच, ग्राम सनौद में नदी में डूबने से एक 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई है। घटना के बाद गांव में मातम छा गया। गुण्डरदेही पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 17 वर्षीय प्रखर यदु अपने दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया था। उसी दौरान वह डूब गया और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गुण्डरदेही पुलिस घटनास्थल में पहुंचकर मृतक युवक के शव का पंचनामा करने के बाद उसके शव को पीएम के लिए भेजा गया, जहां पीएम पश्चात उसके शव को घर वालों को सौंप दिया गया। गुंडरदेही पुलिस आगे की जांच व कार्यवाही में जुट गई है।

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# किसानों को बेचे गए बीज के 205 सैंपल लिए, जांच के लिए 140 लैब भेजे, इनमें 15 मिले अमानक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कृषि विभाग रायपुर ने रबी सीजन के दौरान किसानों को बेचे गए बीज, उर्वरक, पौध एवं जैव के लिए गए सैंपल में 15 अमानक पाए गए।

इनमें बीज के 4, पौध के 2 तथा उर्वरक एवं जैव के 4-4 सैंपल हैं। विभाग द्वारा रबी सीजन में कुल 204 सैंपल लिए गए थे, जिनमें 140 सैंपलों को जांच के लिए लैब भेजा गया था। इस जांच में 189 सैंपल मानक पाए गए हैं, वहीं 15 अमानक मिले।



### 3 बीजों के लॉट की बिक्री पर रोक

लैब में जांच के दौरान कुल 15 सैंपल अमानक मिले। इनमें बीज और उर्वरक के अमानक सैंपल मिलने पर कृषि विभाग ने इन दोनों बीज से संबंधित लाट की बिक्री पर भी तत्काल रोक लगा दी गई थी। इसके साथ ही अमानक मिले सैंपल पर संबंधित केंद्रों पर नियमानुसार कार्रवाई भी की गई।

### मानक-अमानक-लंबित सैंपल के आकड़े

| | कुल सैंपल | मानक सैंपल | अमानक सैंपल | लंबित |
|---|---|---|---|---|
| बीज | 57 | 52 | 5 | 0 |
| पौध | 64 | 13 | 2 | 49 |
| उर्वरक | 52 | 48 | 4 | 0 |
| जैविक खाद | 31 | 27 | 4 | 0 |

### 3 लॉट पर लगाई रोक

जांच में जितने सैंपल अमानक मिले हैं, उनमें 3 सैंपल के लाट की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। इस मामले में नोटिस जारी किया गया है।

- आरके कश्यप, डीडीए, कृषि विभाग रायपुर

### सैंपल लेने का लक्ष्य पूरा नहीं

कृषि विभाग ने रबी सीजन में बीज में 65 सैंपल लेने का लक्ष्य निर्धारित किया था। इसकी तुलना में 57 सैंपल लिए गए। इसी प्रकार पौध के 77 सैंपल के एवज में 64 एवं उर्वरक के 55 में 52 सैंपल लिए गए। इस तरह इन तीनों में सैंपल लक्ष्य से कम लिए गए। हालांकि जैव के लक्ष्य से अधिक सैंपल लिए गए। जैव के 25 सैंपल लिए जाने थे, पर 31 लिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर युवती से रेप, की मारपीट

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने में एक युवती ने एक युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर रेप करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अमलीडीह निवासी युवती ने रंजन कुमार साहू के खिलाफ रेप की शिकायत दर्ज कराई है। युवती ने पुलिस को बताया कि रंजन ने उससे शादी करने का झांसा देकर रेप को अंजाम दिया। शादी करने दबाव बनाने पर रंजन ने युवती से शादी से इंकार कर दिया और उसके साथ मारपीट की।

### मजदूर को भड़काने का आरोप लगाकर मारपीट

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में एक युवक ने दूसरे युवक के खिलाफ मजदूर को भड़काने का आरोप लगाकर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। खम्हारडीह निवासी अंश माधिका ने जितेंद्र कुमार शर्मा के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अंश ने पुलिस को बताया कि जितेंद्र ने उस पर मजदूरों को भड़काने का आरोप लगाकर मारपीट की है।

### पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष भिड़े, केस दर्ज

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में दो पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुरानी रंजिश के चलते मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सुदामा नगर निवासी कुंती मरकाम ने प्रमिका, रेणुका, राधा तथा नागेश मरकाम के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। कुंती ने पुलिस को बताया कि पुरानी रंजिश के चलते चारों ने उसके साथ विवाद करते हुए मारपीट की। दूसरे पक्ष के लोगों ने कुंती तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

### कार किराए पर लेकर की अमानत में खयानत

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाने में एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति के खिलाफ कार किराए पर लेकर वापस नहीं कर अमानत में खयानत करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुंदर नगर निवासी अनूप तिवारी ने आमिर मिर्जा बेग के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

### सामुदायिक भवन निर्माण के लिए दिए 10 लाख

**रायपुर।** 9 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविदास समाज द्वारा रायपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय महिला सम्मेलन में रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुनील सोनी ने शामिल होकर रविदास समाज की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा महिला हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने में वे संकोच न करें, राज्य शासन किसी के साथ कोई भी भेदभाव नहीं करता। समाज प्रमुख की मांग पर उन्होंने विधायक निधि से 10 लाख रुपये उनके विधानसभा क्षेत्र जहां रविदास समाज निवासरत हैं कि महिलाओं के लिए महिला सामुदायिक भवन निर्माण के लिए देने की घोषणा की।

## स्वच्छता सर्वेक्षण : वार्डों में मलबा एकत्रित करने बनाए कलेक्शन सेंटर

# खुले स्थानों पर डाल रहे मलबा, निगरानी का सिस्टम फेल, केंद्रीय टीम की रहेगी नजर

**नगर निवेश के इंजीनियरों को निगरानी का जिम्मा**

**धूल और वायु प्रदूषण का बढ़ा खतरा**



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वार्डों में मलबा एकत्रित करने नगर निगम द्वारा बनाए गए कलेक्शन सेंटर की निगरानी नहीं होने से शहर में निर्माण और तोड़फोड़ के दौरान निकलने वाला मलबा सड़क पर खुले में फेंका जा रहा है। इससे आम जनता को जहां आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है, वहीं बेतरतीब बिखरे मलबे से धूल और वायु प्रदूषण का खतरा बढ़ा है, जबकि निगम प्रशासन ने अलग-अलग वार्डों में बनाए गए मलबा कलेक्शन सेंटर के निगरानी की जिम्मेदारी नगर निवेश विभाग के इंजीनियर को दी है। साथ ही संबंधित जोन के जोन कमिश्नरों को नियम आयुक्त निर्देशित भी कर रहे हैं। अगर यही हाल रहा तो स्वच्छता सर्वेक्षण में केंद्रीय टीम के सामने फजीहत होते देर नहीं लगेगी। दरअसल शहर में निर्माण और तोड़फोड़ कार्य के दौरान उत्पन्न होने वाले मलबे को सड़क पर एकत्रित करने की जगह अब एक निश्चित जगह संग्रहित करने निगम प्रशासन ने वार्डवार मलबा कलेक्शन सेंटर बनाया है। कलेक्शन सेंटर के अलावा किसी भी अन्य स्थान पर मलबा फेंकने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा, ताकि खुले में मलबा फेंकने की प्रवृत्ति पर रोक लगे। मलबा कलेक्शन सेंटर में एकत्र निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट को हीरापुर के प्रसंस्करण यूनिट में परिवहन कर फिर से उपयोग लायक बनाया जाए।

### मलबा कलेक्शन के लिए इन जगहों पर बनाए गए सेंटर

- माधवराव सप्रे वार्ड-लिमही तालाब के पास साहू समाज भवन के समीप इंद्रप्रस्थ रोड रायपुरा
- भक्त कर्मा माता वार्ड- पीएस सिटी, विनायक सिटी के पास
- कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड- दलदल सिवनी इंदिरा स्मृति वन के बाजू में, सड्डू अवीवा उद्यान के सामने वाली जगह।
- तात्यापारा वार्ड - नेमीचंद गली, अग्रसेन चौक के पास भैंसथान मैदान
- बालगंगाधर तिलक वार्ड - जनता कॉलोनी पानी टंकी के पास
- मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड - जनता कॉलोनी पानी टंकी के पास
- संत रामदास वार्ड दिशा कॉलेज के पास रामनगर मुक्तिधाम कृष्णा नगर
- बाबू जगजीवन राम वार्ड - देवपुरी बस्ती, महात्मा गांधी नगर नाला महावीर नगर अमलीडीह
- कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड - डूंडा स्कूल के पास
- पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड - वीआईपी रोड फुंडहर गोठान के पास, राजीव स्मृति वन के पीछे
- मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड - संतोषी नगर चौक से तरूण बाजार चौक, त्रिमूर्ति मंदिर के पास, दुर्गा मंदिर के आगे मठपुरैना
- श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड - रावतपुरा फेस 1 सामुदायिक भवन रोड शासकीय स्कूल के पास पानी टंकी मठपुरैना
- चंद्रशेखर आजाद वार्ड - चौरसिया कॉलोनी गोठान के पास
- ठाकुर प्यारेलाल वार्ड - सीएसईबी कॉलोनी डगनिया पानी टंकी शासकीय स्कूल के पास
- रानी लक्ष्मीबाई वार्ड - अशोका रतन पाम ब्लाजियो के सामने, शंकर नगर अशोका रतन रोड
- यतियतन लाल वार्ड - भनपुरी रोड बेस्ट प्राइज शॉपिंग मॉल भनपुरी गोठान

# फर्जी आईडी से 19 लाख की ठगी, फेक अकाउंट बनाकर दिया झांसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ कारोबारी ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई

कंपनी की मिलती जुलती ई-मेल आईडी बनाकर 19 लाख रुपए ठगी करने के मामले में एक अनाज तथा स्टील कारोबारी ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ आजाद चौक थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कारोबारी को अपने साथ ठगी की जानकारी तब मिली, जब उसके पास कंपनी प्रबंधन ने रकम नहीं मिलने की शिकायत की। कारोबारी की शिकायत दर्ज कर पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। समता कॉलोनी स्थित आर्यन राइस इंडस्ट्रीज की ओर से नारायण लाटा ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। नारायण ने पुलिस को बताया कि रायगढ़ स्थित नलवा स्टील एंड पॉवर लिमिटेड से आर्यन राइस इंडस्ट्रीज का सौदा तय हुआ था। सौदा तय होने के बाद 10 मार्च को नारायण के मेल आईडी में पैसा भेजने गुलशन डॉट प्रजापति एट द रेट नलवा डॉट कॉम से ई-मेल आया। ई-मेल के आधार पर नारायण ने 19 लाख रुपए आरटीजीएस कर दिए। रकम ट्रांसफर करने के दूसरे दिन नलवा स्टील प्रबंधन ने पैसे नहीं मिलने की शिकायत की। जांच करने पर ई-मेल अकाउंट फर्जी पाया गया, जिसके अकाउंट में रकम ट्रांसफर की गई है। वह अकाउंट जमशेर खान के नाम से है।

### शराब खरीदने गए युवक के साथ मारपीट

**रायपुर।** खमतराई थाने में एक युवक ने शराब दुकान के सेल्समैन तथा उसके साथियों के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। बेमेतरा निवासी टोपेश्वर साहू ने श्याम सुंदर तथा उसके तीन अन्य साथियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। टोपेश्वर ने पुलिस को बताया है कि वह मेटल पार्क स्थित शराब दुकान में शराब खरीदी करने लाइन में लगा था। उसकी बारी आने पर शराब दुकान के सेल्समैन श्याम सुंदर ने उसे शराब नहीं देने की बात कहते हुए गाली-गलौज की। विरोध करने पर शराब दुकान के सेल्समैन ने अपने साथियों के साथ मिलकर टोपेश्वर के साथ मारपीट की।

# जमीन बिक्री के कम पैसे लेने की बात पर पत्नी की हत्या, पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

परिवार की जमीन बिक्री पर कम पैसे लेने की बात पर पति-पत्नी के बीच जमर विवाद हुआ। इस दौरान पति ने पत्नी की पिटाई कर हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को सूचना मिली कि एक महिला श्रीमती मंगलीन साहू पति अजय मजूमदार 32 साल निवासी ग्राम टेडेसरा को 13 मार्च के सवा 12 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोमनी में मृत अवस्था में लाया गया है। सूचना पर थाना सोमनी में मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्रवाई में लिया गया है। मृतिका के शरीर पर अनेकों स्थान पर चोंट के निशान व मृतिका की मृत्यु संदेहास्पद होने से पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन के नेतृत्व में फारेंसिक टीम एवं डॉग स्क्वाड टीम घटनास्थल पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया गया।

### पैसों की बात पर की पिटाई

घटना 12 मार्च को भी मृतिका से झगडा-विवाद कर मारपीट किया है। उक्त तथ्य की जानकारी होने पर संदेही मृतिका के पति अजय मजूमदार से बारीकी से पूछताछ करने पर बताया कि मृतिका मंगलीनबाई साहू के रिश्तेदार के नाम से ग्राम जोरातराई में जमीन है, जिसे उसके भाई लोग बेचने के लिए मंगलीन से बातचीत किए थे। जिसके बारे में मंगलीन उसे बताई थी और अपने भाई से जमीन बिक्री का 20-25 हजार रुपए लूंगी बोली, तब आरोपी बोला कि तुम्हारे हिस्से में 1 लाख आएगा। इतना कम पैसा क्यों लेगी, तो मंगलीन बोली कि मेरी मर्जी मैं उतना ही लूंगी बोली। इसी बात को लेकर दोनों के मध्य वाद-विवाद हुआ, तब आरोपी अपने घर के सामने मंगलीन को हाथ-मुक्का एवं बांस के डंडा से मारपीट कर रहा था। मारपीट करते पड़ोस के लोगों के देखने और आरोपी को मारने से मना किए व मंगलीन को अपने घर के अंदर ले जाकर उसके साथ और मारपीट किया, मंगलीन बेहोश हो गई, जिसे वह पलंग में लेटा दिया था।

# वन विभाग का 'वनतारा' प्रेम बायसन गिफ्ट किया, बदले में मिली सिर्फ डिजीटल एक्सरे मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- एक वर्ष पूर्व तीन बायसन वनतारा को कानन-पेंडारी जू ने गिफ्ट किए थे
- सफेद भालू देने का मामला सामने आने के बाद भालू शिफ्टिंग का मामला अटका

गुजरात में अनंत अंबानी के वनतारा का अधिकृत तौर पर उद्घाटन हुए अभी कुछ ही दिन हुए हैं और इधर छत्तीसगढ़ वन विभाग का उसके प्रति प्रेम चरम पर पहुंच गया है। यही वजह है कि वनतारा को वन्यजीवों से गुलजार करने छत्तीसगढ़ वन विभाग के अफसर दिल खोलकर वन्यजीव देने के लिए तैयार बैठे हैं। वनतारा को विभाग जेब्रा, मीरकैट के बदले जंगल सफारी रेयर प्रजाति के वन्यजीव सफेद भालू देने को राजी हो गया। इसके पूर्व कानन पेंडारी जू से एक वर्ष पूर्व वनतारा को तीन बायसन गिफ्ट के रूप में दिए जा चुके हैं। इसके बदले विभाग को एक्सरे मशीन ही मिल सकी है।

दरअसल वनतारा प्रबंधन ने सीजेडए से अनुमति लेकर कानन पेंडारी जू से तीन बायसन देने अनुमति प्राप्त की। कानन पेंडारी प्रबंधन सीजेडए की अनुमति देख बगैर किसी विरोध के वनतारा प्रबंधन को तीन बायसन देने के लिए राजी हो गया।

### बायसन के बदले मिली एक्सरे मशीन

बायसन देने के तीन माह बाद वनतारा प्रबंधन ने कानन पेंडारी को बायसन के बदले एडवांस टेक्नालॉजी के पोर्टेबल डिजीटल एक्सरे मशीन दी। उक्त एक्सरे मशीन को कानन पेंडारी प्रबंधन वनतारा से गिफ्ट मिलना बता रहे हैं। इसे लेकर वन्यजीव प्रेमी प्रश्नचिन्ह खड़े कर रहे हैं। जिस बायसन को वनतारा जू को गिफ्ट किया गया है, उक्त बायसन को कानन पेंडारी प्रबंधन वर्ष 2017 में हैदराबाद जू से लेकर आया था। इस संबंध में कानन पेंडारी प्रबंधन का तर्क है कि उनके जू में बायसन की संख्या अधिक हो गई थी। इस वजह से उन लोगों ने वनतारा प्रबंधन द्वारा मांगे जाने पर बायसन गिफ्ट किया है।

# तीन साल बाद ठेलों और फुटपाथ पर लौटी लहसुन, दाम 80 से 100 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ लहसुन की बीते साल ही कीमत 400 से 500 रुपए रही है चिल्हर में

लहसुन के दाम में लंबे समय बाद अब राहत का तड़का लगा है। तीन साल बाद एक बार फिर से राजधानी के फुटपाथ और ठेलों पर लहुसन बेचने वाले नजर आ रहे हैं। तीन साल पहले जब लहसुन के दाम बहुत ज्यादा कम थे, तब फुटपाथ और ठेलों पर लहसुन 50 रुपए में डेढ़ किलो बिक रही थी, इस समय तीन साल पहले जितनी कीमत तो कम नहीं है, लेकिन बीते दो साल से जिस तरह से लहसुन के दाम आसमान छू रहे हैं, उससे कीमत बहुत कम है।

इस समय फुटपाथ और ठेलों पर लहसुन चिल्हर में 80 से 100 रुपए में मिल रही है। 80 रुपए में जहां छोटी साइज है, वहीं 100 रुपए में बड़ी साइज की लहसुन मिल रही है। बीते साल ही दिसंबर में कीमत 400 रुपए किलो थी, लेकिन अब नई फसल आने से दो साल बाद लहसुन वापस पुरानी कीमत पर लौटी है। दो साल पहले लहसुन की कीमत 25 से 30 रुपए पाव और 100 रुपए किलो थी। महंगाई से आम आदमी परेशान है। लगातार महंगाई बढ़ रही है, ऐसे में अगर किसी सामान की कीमत कम होती है तो आम आदमी को राहत महसूस होती है। हालांकि आमतौर पर महंगे सामान की कीमत इतनी जल्दी कम नहीं होती है। कीमत कम होने के बाद कब इसमें मुनाफाखोरी के कारण कीमत में इजाफा कर दिया जाए, कहा नहीं जा सकता। कारोबारी मुनाफाखोरी से बाज नहीं आते।

### वापस पुरानी कीमत पर लौटी लहसुन

लहसुन की कीमत बीते दो साल तक 400 रुपए से लेकर 500 रुपए किलो रही है। बीते साल भी कीमत चिल्हर में 500 रुपए तक गई थी। थोक में इसकी कीमत चार सौ रुपए तक रही है। बीते साल दिसंबर से कीमत कम होने लगी थी, लेकिन चिल्हर में इसकी कीमत कम नहीं हो रही थी। अब नए साल में चिल्हर में भी कीमत बहुत कम हो गई है, क्योंकि लहसुन की नई फसल आने के बाद इसकी आवक भी ज्यादा हो रही है। पहले जनवरी में इसकी कीमत दो सौ रुपए हुई और अब फरवरी में इसकी कीमत पहले जैसी हो गई है। अब मार्च में तो कीमत और कम हो गई है। इस समय थोक में छोटी साइज की लहसुन के दाम 50 से 60 रुपए हैं। इसी के साथ बड़ी साइज की लहसुन थोक में 80 रुपए में मिल रही है। जहां तक चिल्हर का सवाल है तो यह किलो में 80 से 100 रुपए में मिल रही है। एक पाव लेने पर इसके 25 से 30 रुपए लग रहे हैं।

# जल संकटग्रस्त तीन हजार से ज्यादा गांवों को मिलेगा नदी का मीठा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में 3 हजार से ज्यादा गांव अभी भी भीषण जलसंकट का सामना कर रहे हैं। राज्य सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत इन गांवों को पानी मुहैया कराने की एक खास योजना को लागू कर दिया है। इसके फलस्वरूप जिन गांवों को अब तक खारा पानी भी नहीं मिल पा रहा था, उन गांवों को अब नदी का मीठा पानी मिलेगा।

छत्तीसगढ़ में भूजल संकट से घिरे गांवों की पहचान के बाद 3234 गांवों को जल्द इस समस्या से निजात मिल जाएगी। राज्य की विष्णुदेव साय सरकार ने इन गांवों में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल के लिए बहु ग्राम योजना लागू की है। सरकार ने भरोसा दिलाया है कि इस योजना के पूरा होने पर 3234 गांवों में नदी का मीठा पानी पहुंचाया जाएगा। इससे अब तक खारे पानी के लिए भी तरस रहे इन गांवों के 10 लाख से अधिक परिवारों को मीठा जल मिल सकेगा।

इसके लिए प्रदेश में कुल 4527 करोड़ रुपए की लागत से 71 मल्टीविलेज योजनाओं का काम शुरू किया गया है। सरकार ने इन गांवों में आपूर्ति किए जाने वाले पानी की क्वालिटी सुनिश्चित करते हुए सभी मल्टी विलेज योजनाओं को समय में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव की अध्यक्षता में हुई जल जीवन मिशन की बैठक में मल्टीविलेज योजना लागू करने की मंजूरी दी गई थी।

यह योजना भूजल संकट से प्रभावित 18 जिलों के 3234 गांवों में लागू की गई है।

इन गांवों में भूजल या तो पूरी तरह से खारा हो गया है या पानी में भारी तत्वों की मौजूदगी मिलने के अलावा कुछ गांवों में भूजल स्तर खतरे के निशान से भी नीचे चला गया है। इन गांवों में मल्टीविलेज योजनाओं के माध्यम से स्थानीय नदियों का मीठा पानी पहुंचाया जाएगा। योजना के माध्यम से 3234 गांवों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाएगी।


## सेंट्रल सेक्टर पर अब निर्भरता घटी

# बढ़ती खपत के कारण अब दूसरे राज्यों से भी ले रहे पांच सौ मेगावाट बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गर्मी ने अभी अपने तेवर पूरे नहीं दिखाए हैं, लेकिन बिजली में डिमांड की गर्मी अभी से दिखने लगी है। मार्च में बिजली की खपत पहली बार 62 सौ मेगावाट के पार हो गई है। इस समय पीकऑवर में खपत छह हजार मेगावाट से ज्यादा हो रही है। ऐसे में बिजली की आपूर्ति के लिए सेंट्रल सेक्टर से तो बिजली मिल ही जाती है, लेकिन सेंट्रल सेक्टर से पॉवर कंपनी का शेयर साढ़े तीन हजार मेगावाट ही है। ऐसे में अब सेंट्रल सेक्टर पर निर्भरता कम करने के लिए दूसरे राज्यों के बैंकिंग में पांच सौ मेगावाट से ज्यादा बिजली ली जा रही है। ऐसे में अब सेंट्रल सेक्टर से कम बिजली लेनी पड़ रही है।

गर्मी अब कब प्रारंभ हो जाए, कहा नहीं जा सकता है। बीते साल गर्मी ने फरवरी से तेवर दिखाए थे, लेकिन इस बार तो गर्मी जनवरी से ही पड़ने लगी। इसके बाद पहले फरवरी और अब मार्च में पारा और चढ़ने लगा है। पारा चढ़ने के कारण बिजली की खपत का भी पारा लगातार चढ़ रहा है। गर्मी बढ़ने के कारण अभी से प्रदेश भर में एसी और कूलर चलने लगे हैं। इसी के साथ कृषि पंप भी चलने के कारण खपत का ग्रॉफ लगातार बढ़ रहा है।



### मार्च में पहली बार इतनी खपत

फरवरी और मार्च में आमतौर पर बिजली की खपत इतनी नहीं रहती है। कृषि पंपों के कारण फरवरी में खपत पांच हजार मेगावाट के पार जरूर हो जाती है, लेकिन इस बार फरवरी में ही खपत छह हजार मेगावाट गई है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक पहली बार फरवरी में इतनी ज्यादा खपत देखने को मिली। इसके बाद अब मार्च में खपत का ग्राफ और बढ़ गया है। इस समय खपत 62 सौ मेगावाट के पार हो गई है। मार्च में ही और नया रिकॉर्ड बनने की संभावना है।

### अपना उत्पादन 25 सौ मेगावाट

पॉवर कंपनी के अपने संयंत्रों की उत्पादन क्षमता 2960 मेगावाट है। लेकिन कभी भी उत्पादन सौ फीसदी नहीं होता है। सभी संयंत्रों के चलने पर अपना उत्पादन 25 से 26 सौ मेगावाट तक होता है। इस समय सभी संयंत्रों के चलने के कारण अपना उत्पादन 25 सौ मेगावाट हो रहा है। इसी के साथ दूसरे राज्यों से पांच सौ मेगावाट बिजली लेने के कारण तीन हजार मेगावाट बिजली हो जा रही है। खपत के हिसाब से बाकी बिजली सेंट्रल सेक्टर से ली जा रही है। पॉवर कंपनी के पास तीन हजार मेगावाट बिजली होने के कारण खपत 65 सौ भी जाने पर आसानी से सेंट्रल सेक्टर से साढ़े तीन हजार मेगावाट बिजली मिल जाएगी।

**खबर संक्षेप**



## पुलिस की होली, फाग गीतों में थिरके जवान

**राजनांदगांव** । पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच शहर में उत्साह और उमंग के साथ होली का पर्व संपन्न हुआ। सभी चौक-चौराहों पर पुलिस की व्यापक व्यवस्था रही। वहीं ड्रोन कैमरे से शहर के अलग-अलग क्षेत्र में निगरानी भी होती रही। होली पर दो दिनों तक ड्यूटी करने के बाद आज पुलिस ने अपनी होली मनाई। शहर के अलग-अलग स्थान और स्थानीय पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस की होली में जवान जमकर थिरके। होली पर बंदोबस्त करने के चलते रंग-गुलाल खेलकर होली नहीं मना पाने वाले जवानों के लिए पुलिस विभाग द्वारा प्रतिवर्ष होली के दूसरे अथवा तीसरे दिन होली का आयोजन किया जाता है। शहर में दो दिनों तक होली का माहौल रहने की वजह से पुलिस विभाग द्वारा तीसरे दिन होली का पर्व मनाया गया।

## होली पर्व के दौरान चाकू लेकर घूमते पकड़ाया

**राजनांदगांव**। होली पर्व के दौरान चाकू लेकर घूम रहे आरोपी को पकड़कर पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपी से धारदार चाकू बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत विशेष अभियान के तहत 15 मार्च को पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति होम्योपैथिक कार्यालय सागरपारा के पास हाथ में धारदार चाकू रखकर आने-जाने वाले आम जनता को डरा-धमका रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंचकर आरोपी सूर्यकांत गोड उर्फ दादू पिता लक्ष्मण गोंड 28 साल निवासी सागरपारा राजनांदगांव थाना बसंतपुर को घेराबंदी कर पकड़ा गया।

**पेज 9 के शेष**

## एपीसी भूपेन्द्र ने ...

अधिकांश शालाओं में मनाई गई होली : अधिकांश शालाओं में जहाँ पर राष्ट्रीय त्यौहार की धूम होली पर्व पर होली के रंग लगाते नन्हें मुन्ने बच्चे बहुत ही मनमोहक व प्यारे नजर आए। समस्त स्कूलों में शासन के नियमानुसार शिक्षकों की उपस्थिति, डेली डायरी, विद्यार्थियों की कक्षा अनुरूप क्षमता विकसित करने हेतु विशेष तैयारी, विषय सूचकांक निर्माण, अपार आईडी, जाति, निवास, किचन गार्डन, मध्यान्ह भोजन में दाल, पापड़/अचार/मीठा पर विशेष ध्यान देने, केंद्रीकृत पांचवीं कक्षा, आठवीं कक्षा वार्षिक परीक्षा की तैयारियों, सभी प्रकार के पंजी संधारण, रख-रखाव, साफ- सफाई रखने, संकुल शैक्षिक समन्वयक/संस्था प्रमुखों को अपने-अपने कर्तव्यों का, शालाओं के लिए दिशा निर्देशों का कड़ाई से और अनिवार्य रूप से पालन करने के कड़े निर्देश दिये।

## बेमेतरा पहुंचे ...

से बातचीत करके खम्हरिया होते हुए बेमेतरा आया हूं। उन्होंने कहा कि यहां सब कार्यकर्ताओं से मिलने का अवसर मिलता है। यहां पूरे जिले की टीम विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष, जनपद जिला पंचायत पार्षद सभी से भेंट मुलाक़ात हुई है।

### पर्व : परंपरागत रूप से धूमधाम से मनाई गयी होली, छलका लोगों को उत्साह

# नवागढ़ में रंग-गुलाल के साथ जमकर मना जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

रंग, गुलाल और अबीर से एक-दूसरे को सराबोर करने की होड़ और फाग के गीतों की मस्ती के साथ रंगों का त्योहार होली शुक्रवार को नवागढ़ नगर सहित पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हर तरफ होली की धूम थी। बच्चे, बूढ़े, जवान सभी होली की मस्ती में थे। छिटपुट घटनाओं को छोड़ पूरे क्षेत्र में होली शांतिपूर्ण रहीं। कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। क्षेत्र में होली की उमंग गरुवार से ही दिखने लगा था। गुरुवार की शाम नगर के बस स्टैंड, सुकुल पारा, बावा पारा, देवांगन पारा, बावली पारा, मिश्रा पारा, बीच पारा, दर्री पारा, शंकर नगर, सिविल लाइन, तिलका पारा आदि जगह होलिका दहन के बाद से ही लोग होली के रंग में रंगने लगे थे। सुबह होते- होते लोग होली की मस्ती में डूब गए। बच्चों की मस्ती तो गुरुवार शाम से ही दिखने लगी थी। होली है होली है की गूंज हर गली, हर मुहल्ले में गूंजने लगी। बच्चे सुबह होने का इंतजार करने लगे। सुबह के बाद हर कोई होलियाना मुड़ में नजर रहा था। होली की धून पर लोगों का जो थिरकना शुरू हुआ वह दोपहर तक जारी रहा। सड़क पर मतवालों की टोली चल रही थी जिनका काम हर आने जाने वालों को रंगों से सराबोर करना था।



### होली आपसी मेल जोल का पर्व : दीवान

नवागढ़ की परम्परा अनुसार नगर प्रधान विकासधर दीवान के निवास में यादव, निषाद, कलार, सोनकर, समाज, साहू, देवांगन, धोबी, बावा, ब्राह्मण, ठाकुर, सतनामी, गोड, मेहर, कुम्हार, गड़रिया, बनिया, सिख, नाई, तंबोली सहित अन्य समाज के लोग बड़ी संख्या में पहुँचे और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। नगर प्रधान ने भी सभी के साथ जमकर होली खेली। दीवान ने कहा कि रंगों का त्योहार होली आपसी मेल जोल का पर्व है। इस दिन लोग पक्ष विपक्ष राजनीतिक व निजी जैसे सारे मतभेद भूल कर एक दूसरे को गले मिलकर होली मनाए। क्षेत्र व नगर के विकास एवं खुशहाली के लिए हम सब एकजुट हैं।

### पुलिस करती रही गश्त

होली और रमज़ान के जुमे को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए थे। जगह-जगह पुलिस तैनात की गई थी। संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल लगातार गश्त कर रहा था। प्रशासन की सतर्कता से कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

## भरचट्टी स्कूल में गुलाल और फूलों से खेली गई होली



**बेमेतरा**। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भरचट्टी विकासखंड बेरला में बच्चों के साथ मिलकर शिक्षक शिक्षिकाओं ने शाला परिसर में ही 'गुलाल और फूलों' से बहुत सुंदर होली खेली।

इस विद्यालय में सभी प्रकार के त्यौहार व पर्व बड़े हर्ष व उल्लास के साथ मनाए जाते हैं, ताकि बच्चे हमारे पारंपरिक रीति-रिवाज से परिचित होते रहें। प्रधान पाठक नीलकंठ साहू ने बच्चों को त्यौहार से जुड़ी कहानी सुनाई। होलिका दहन, होली क्यों मनाई जाती है इस पर पौराणिक कहानी सुनाई गई। होली के त्यौहार से हमें सीख मिलती है कि हमारे अंदर की बुराइयों को होलिका दहन में जलाकर अच्छे गुण को उजागर करें एवं सभी से बिना भेदभाव के प्रेम से मिलजुल रहें। इस पावन पर्व पर प्रधान पाठक शत्रुघ्न लाल ठाकुर, आशीष पांडेय, हिरकणी साहू, नीतू परगनिया, तरुण साहू, शिवकुमार मुक्ति, कमलेश्वरी सेन एवं सभी बच्चे उपस्थित रहे।

## पुलिस परिवार ने जमकर मनाई होली



**बेमेतरा**। जिले में आम नागरिकों को होली का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने देने की अपनी जिम्मेदारी पूरी करने के बाद 15 मार्च को रक्षित केन्द्र पुलिस लाईन में जवानों व पुलिस अधीक्षक एवं आला अधिकारियों ने जमकर होली मनाई। इस दौरान कलेक्टर सहित पत्रकार भी मौजूद रहे। नगाड़े की धुन पर झूमते पुलिस कर्मचारियों के साथ कलेक्टर रणबीर शर्मा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, डिप्टी कलेक्टर पिंकी मनहर, एसडीएम प्रकाश भारद्वाज, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी राजेश कुमार झा,लोक निर्माण विभाग के ईई निर्मल सिंह ठाकुर, एसडीओ राकेश शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोमल सिंह ठाकुर निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, डी.एल. सोना, राजकुमार साहू, बल्लुराम सोरी, एवं अन्य थाना/चौकी प्रभारी ने एक दुसरे को रंग गुलाल लगाकर, मिठाई खिलाकर, गले मिलकर बडे उत्साह के बीच जहां होली मनाए वही रंगों में सराबोर होकर ढोल नगाडों एवं साउंड सिस्टम के धुन पर थिरकते नजर आए। एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

- त्योहार के दूसरे दिन कलेक्टर-एसपी सहित जवानों ने जमकर खेली होली

## दर्री स्कूल में हर्षोल्लास से मनाई गई होली

**थानखम्हरिया**। समीपस्थ शासकीय हाई स्कूल एवं पूर्व माध्यमिक शाला दर्री में धूमधाम से होली पर्व मनाया गया। सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। संस्था प्रभारी भवानी सिंह नेताम ने होलिका दहन पर्व पर आशीर्वचनों के रूप में सभी विद्यार्थियों को कहा कि हमें एक दूसरे की बुराईयों को नजरंदाज करके आपस में मिलकर रंग गुलाल खेलें। स्कूल के स्टाफ एवं बच्चों के चेहरे होली उत्सव में खिल उठे। इस अवसर पर हाई स्कूल प्रभारी प्राचार्य भवानी सिंह नेताम, पूर्व् माध्यमिक शाला प्रभारी प्रधान पाठक राजकुमार ध्रुवे , शिक्षक गोविंद कुमार सोनकर, अंजनी कुमार मिर्झा, सुदामा यादव,प्राथमिक शाला सहायक शिक्षक, स्वयं सेवी शिक्षक दुर्गा सेन ,ऋतू राजपूत ,निखिल पाटिल, सरिता यादव , समेत विद्यालय के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाई गई होली, जमकर उड़े गुलाल

**थानखमरिया**। नगर में रंग गुलाल से एक दूसरे को सरोबार करने की होड़ और होली के गीतों को मस्ती के साथ रंगों का त्योहार होली पूरे नगर वह आसपास ग्रामीण अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्या छोटे, क्या बड़े, सभी एक रंग में नजर आ रहे थे। हर तरफ होली की धूम थी। बच्चे, वृद्ध, जवान सभी होली की मस्ती में थे। नगर में आसपास ग्रामीण अंचल में एक्सीडेंट, दुर्घटना की खबर को छोड़ होली शांतिपूर्ण रही।



होलिका दहन के बाद से ही बच्चे होली के रंग में रंगने लग गए थे। सुबह होते ही ट्रैक्टर की ट्राली में तिरपाल लगाकर पानी रंग भरकर मस्ती डुबकी लगाकर आनंद ले रहे थे। डीजे की धुन में होली आई रे कन्हाई, रंग बरसे की धुन पर थिरकते रहे, जो दोपहर तक जारी रहा। गांव हो या शहर हर जगह होली की उमंग और उत्साह एक समान था। बच्चे सुबह से ही रंग, पिचकारी लेकर घर से निकल गए। और अपने हम उम्र साथियों के साथ होली के आनंद में मश्गूल हो गए। युवाओं की भी अपनी अलग महफिल जमी हुई थी।

पोहा, भजिया, भांग का आनंद ले रहे थे। महिलाएं की भी टोली किसी से कम नहीं थी। घर की छत वह गार्डन पर महिलाओं की महफिल जमी थी। पुरुषों की तरह महिलाओं ने भी होली का आनंद उठाया। होली की बधाई देने वालों की भी कमी नहीं थी। समूह में बट कर लोग एक दूसरे के घर पहुंचने और गुलाल लगाकर एक दूसरे की होली की बधाई दी जा रही थी। होली को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। एसपी रामकृष्ण साहू के निर्देशानुसार थाना प्रभारी राजकुमार साहू ने सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल को तैनात किया गया था।

### समाज के वार्षिक सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

# ग्राम गुवारा में जुटा गड़रिया समाज विकास के लिए एकता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

समीप ग्राम गुवारा में झरिया, गड़रिया समाज क्षेत्रीय खमरिया वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन, पूजा, अर्चना, कर कलश यात्रा के साथ हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साजा विधायक ईश्वर साहू, अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल, विशेष अतिथि सरपंच प्रतिनिधि पुन्नी तोरण यादव, कन्हैया पाल अध्यक्ष, बल्लू पाल, लोकनाथ पटेल, अनिल सिंघानिया के सानिध्य में किया गया।

सर्वप्रथम होलकर अहिल्याबाई के तेल क्षेत्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। गडरिया(पाल) समाज की तरफ से विधायक ईश्वर साहू का शाल, श्रीफल, माला पहनाकर, प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया।



ग्रामवासियों द्वारा अतिथियों का पुष्प, हार व बैच लगा कर स्वागत किया गया। विधायक की अगवानी ढोल, नगाड़े के साथ की गई। सभा को चंदन अग्रवाल, पुन्नी तोरण यादव ने संबोधित किया। सरपंच प्रतिनिधि पुन्नी तोरण यादव ने अपने संबोधन में कहा, समाज को संगठित रहने की बात की लंबे समय से बरगद के पेड़ के नीचे गडरिया समाज के द्वारा सामाजिक कार्यक्रम किया जाता था। आगे आपने कहा, यह समाज हमेशा से ग्राम में रचनात्मक कार्य करते आ रहा है। वह सामाजिक कार्यक्रम करते आ रहे हैं। इस दौरान गड़रिया समाज के भवन के लिए विधायक का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि चुनाव के पहले ही इस स्थान को देख लिया गया था। समाज के प्रतिनिधियों से चर्चा की थी, फिर इस स्थान को गड़रिया समाज के लिए सुरक्षित कर दिया गया।

### सबका साथ, सबका विकास पर विश्वास करती है भाजपा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि गड़रिया समाज में लोग सीधे सरल भोले, भाले होते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने गड़रिया समाज की सुध ली। उन्होंने विधायक निधि से पाल समाज के भवन के लिए 20 लाख रूपए की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास पर विश्वास करती है। इस मौके पर होरीलाल पाल, अश्वनी पाल, सरोज पाल, नर्मदा पाल, पूर्णिमा पाल, दुलारी देवी, जनपद सदस्य अखिलेश्वरी निषाद, दशरथ पाल, लोकनाथ पटेल, रीवा रामपाल, चेतन सिन्हा, तोशुराम वर्मा, रेवाराम पाल ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन लोकेश अग्रवाल ने किया।

## गुनरबोड़ स्कूल में शिक्षिकाओं व बच्चों ने खेली होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड़ में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शिक्षिकाओं ने नन्हें बच्चों संग खेली होली तथा उन्हें होली पर्व मनाने का पारंपरिक महत्व बताया। नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा ने बच्चों को भक्त प्रह्लाद एवं उनकी बुआ होलिका की कहानी सुनाई। उन्होंने बच्चों को समझाया कि सदाचार से जीवन जीने वालों के जीवन में चाहे जितनी ही कठिनाई आए, पर जीत निश्चित होती है। साथ ही नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा ने बच्चों को केंद्रीयकृत परीक्षा की बहुत शुभकामनाएं दी। एवं बच्चों समझाया कि परीक्षा की तैयारी अच्छी तरह करना है।


बिना डरे बहुत ही उत्साह के साथ परीक्षा देनी है और प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं। शिक्षिका ने समझाया कि डरने से तबियत बिगड़ती है और हम जो तैयारी किए हैं उसे भी भूल जाते हैं। अतः आप सभी को अच्छे से परीक्षा लिखना है और अच्छे अंक लेकर उत्तीर्ण होना है। शिक्षिका विधि शर्मा ने बच्चों को समझाया कि अब आप नींव से ऊपर उठकर जब अगली कक्षा में जायेंगे तो आपकी जिम्मेदारी अधिक होगी आप सभी को खूब मेहनत करनी है और एक स्वर्णिम भविष्य का निर्माण करना है। नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा ने जब कक्षा पांचवी के बच्चों से कहा कि अब आप इस विद्यालय से विदा ले रहे हैं। परीक्षा के बाद आप दूसरे स्कूल में चले जाएंगे। इतना सुनते ही कक्षा पांचवी के बच्चों की आंखों में आंसू आ गए और रोने लगे। प्रधान पाठिका आशा कुजूर ने भी बच्चों को होली की शुभकामनाएं दीं और आने वाले परीक्षा के लिए मार्गदर्शन दिया।

### शहर की जनता ने दिया आपसी सौहार्द्र और भाईचारे का संदेश

# सुबह मना रंगों का त्यौहार, दोपहर को हुई जुम्मे की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

हमेशा की तरह ही शहरवासियों ने एक बार फिर आपसी सौहार्द्र भाईचारा और संस्कारधानी के संस्कारों की मिसाल पेश की है। रमजान के महीने में जुम्मा का दिन मुस्लिम समुदाय के लिए काफी खास होता है। अल्लाह की इबादत के इस पूरे महीने में जुम्मे के रोज बड़ी तादाद में मुस्लिम भाई मस्जिदों में नमाज अदा करने पहुंचते हैं। वहीं बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक होली का पर्व भी इस वर्ष शुक्रवार को पूरे उत्साह के साथ मनाया गया । रमजान का जुम्मा और होली का पर्व साथ-साथ मनाने के लिए शहर के लोगों ने एक बार फिर भाईचारे की मिसाल कायम की है। मुस्लिम समाज के लोग जुम्मे के दिन मस्जिदों में पहुंचकर नमाज अदा करते अल्लाह की इबादत की। वहीं शहर की सड़कों पर जमकर रंग-गुलाल खेलते हुए सनातनियों ने होली का उत्साह मनाया। इस दौरान कहीं भी दोनों समुदाय के लोगों को अपने-अपने रीति-रिवाज को मानने में कोई खलल नहीं हुई।



### ड्रोन कैमरे से ऐतिहातन सुरक्षा

होली और जुम्मे की नमाज में व्यवधान नहीं होने के चलते पुलिस प्रशासन ने भी अपनी काफी तैयारी की हुई थी। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होली का त्यौहार संपन्न करने के लिए पुलिस ने चौक-चौराहा पर बल तैनात किए थे। वहीं ऐतिहातन हन्फी मस्जिद गोल बाजार सहित अन्य मस्जिदों के आसपास निगरानी के लिए ड्रोन कैमरे भी उड़ाए, लेकिन कहीं भी कोई संदिग्ध पारिस्थिति नजर नहीं आई।

### जबर्दस्ती नहीं डाला रंग

रंगों का त्यौहार होली शुक्रवार को पूरे उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुई। इस दौरान शहर में भाईचारापूर्ण वातावरण नजर आया। जुम्मे की नमाज पढ़ने जाने वाले लोगों को टोपी लगाए देख किसी ने भी उनके आसपास भी रंग नहीं छींटा। नमाज को जाने वाले मुस्लिम भाइयों को रास्ते में भी कोई दिक्कतें नहीं हुई।

### शहर में दिखाई दी गंगा जमुनी तहजीब

जुम्मे की नमाज से निकले कुछ मुस्लिम समाज के लोगों ने रास्ते में अपने चित-परिचित लोगों को होली खेलते देख होली पर्व की बधाई और शुभकामनाएं भी दी और टोपी पहनकर तिलक लगवाकर गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल भी पेश की।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 11 मई, 22 मई, 25 मई, 02 जून, 05 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport